# CBSE Class 12 Sociology Important Questions Chapter 6 सांस्कृतिक विविधता की चुनौतियाँ

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
'भारत एक महान् सांस्कृतिक विविधता वाला राष्ट्र है' का क्या अर्थ है ?
उत्तर:
इसका तात्पर्य है कि यहाँ अनेक प्रकार के सामाजिक समूह एवं समुदाय रहते हैं।

प्रश्न 2.
इस संसार में अपना अस्तित्व सक्रिय रखने के लिए प्रत्येक मनुष्य को किस बात की जरूरत होती है ?
उत्तर:
एक स्थायी पहचान की।

प्रश्न 3.
सामुदायिक पहचान किस पर आधारित होती है?
उत्तर:
सामुदायिक पहचान जन्म तथा अपनेपन पर आधारित होती है।

प्रश्न 4.
सामुदायिक पहचानें किससे निर्धारित होती है ?
उत्तर:
सामुदायिकं पहचाने जन्म से निर्धारित होती हैं।

प्रश्न 5.
सामुदायिक पहचानें किस प्रकार की होती हैं ?
उत्तर:
सामुदायिक पहचानें प्रदत्त होती हैं।

प्रश्न 6.
राष्ट्र क्या है?
उत्तर:
राष्ट्र ऐसे समुदाय होते हैं जिनका अपना एक राज्य होता है।

प्रश्न 7.
राष्ट्र-राज्य की अवधारणा से आप क्या समझते हैं ?
उत्तर:
राष्ट्र-राज्य से आशय एक ऐसे राष्ट्रीय समुदाय से है जिसका अपना राज्य है।

प्रश्न 8.
क्षेत्रवाद क्या है?
उत्तर:
जब किसी क्षेत्र विशेष के लोग राष्ट्रीय हित की तुलना में अपने क्षेत्र विशेष के हितों पर अधिक ध्यान देते हैं जो उसे क्षेत्रवाद कहते हैं।

प्रश्न 9.
वर्तमान में राष्ट्र और राज्य के बीच किस प्रकार का सम्बन्ध है?
उत्तर:
वर्तमान में राष्ट्र और राज्य के बीच एकैक का सम्बन्ध है।

प्रश्न 10.
जनसंख्या की दृष्टि से विश्व में भारत का स्थान कौनसा है ?
उत्तर:
दूसरा।

प्रश्न 11.
भारत में हिन्दुओं की जनसंख्या कितने प्रतिशत है?
उत्तर:
लगभग 80.5 प्रतिशत।

प्रश्न 12.
भारत में मुसलमानों की आबादी कितने प्रतिशत है?
उत्तर:
लगभग 13.4 प्रतिशत।

प्रश्न 13.
धर्म की दृष्टि से भारत कैसा राज्य है?
उत्तर:
भारत एक धर्मनिरपेक्ष राज्य है।

प्रश्न 14.
भारतीय राष्ट्र-राज्य में इस समय कितने राज्य हैं?
उत्तर:
भारत में इस समय 28 राज्य और 8 संघ राज्य क्षेत्र हैं।

प्रश्न 15.
किस सूची के विषयों पर केन्द्र और राज्य दोनों की सरकारें कानून बना सकती हैं?
उत्तर:
समवर्ती सूची के विषयों पर।

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 16.
भारत के धार्मिक समुदायों के मुद्दों को किन दो समूहों के अन्तर्गत बांटा जा सकता है ?
उत्तर:
अल्पसंख्यक और बहुसंख्यक के अन्तर्गत।

प्रश्न 17.
भारतीय राष्ट्रवाद में प्रभावशाली प्रवृत्ति किसके द्वारा चिह्नित रही है?
उत्तर:
समावेशात्मक और लोकतंत्रात्मक दृष्टि द्वारा।

प्रश्न 18.
अल्पसंख्यक शब्द का समाजशास्त्रीय भाव क्या है?
उत्तर:
अल्पसंख्यक वर्ग के सदस्य एक सामूहिकता का निर्माण करते हैं।

प्रश्न 19.
नृजातीय समूह क्या है?
उत्तर:
नृजातीय समूह वह है जो सामान्य भाषा या संस्कृति के अलावा एक ही वंश परम्परा पर आधारित हो।

प्रश्न 20.
रोजमर्रा की भाषा में 'साम्प्रदायिकता' का क्या अर्थ है ?
अथवा
साम्प्रदायिकता या संप्रदायवाद का क्या अर्थ है ?
उत्तर:
साम्प्रदायिकता का अर्थ है-धार्मिक पहचान पर आधारित आक्रामक उग्रवाद।

प्रश्न 21.
साम्प्रदायिकता राजनीति से सरोकार रखती है या धर्म से।
उत्तर:
साम्प्रदायिकता राजनीति से सरोकार रखती है, धर्म से नहीं।

लघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
भारत में विविधता के कारण कौन-कौनसी समस्यायें उत्पन्न होती हैं ?
अथवा
भारत में विविधता के कारण उत्पन्न किन्हीं दो समस्याओं को बताइये।
उत्तर:

1. साम्प्रदायिकता अथवा सम्प्रदायवाद की समस्य,
2. क्षेत्रीयता अथवा क्षेत्रवाद की समस्य

प्रश्न 2.
भारतीय संविधान का अनुच्छेद 29 किससे संबंधित है ?
उत्तर:
भारतीय संविधान का अनुच्छेद 29 नागरिकों के शिक्षा एवं संस्कृति के अधिकार से संबंधित है। इसके तहत भारत के सभी नागरिकों को अपनी भाषा, लिपि, तथा संस्कृति को बनाए रखने का अधिकार है।

प्रश्न 3.
सांस्कृतिक विविधता से हमारा क्या तात्पर्य है ?
उत्तर:
सांस्कृतिक विविधता में विशाल राष्ट्रीय, क्षेत्रीय या अन्य किसी संदर्भ में विभिन्न प्रकार के समुदायों, जैसे- भाषा, धर्म तथा क्षेत्र के जरिए परिभाषित समुदायों की पहचानों की बहुलता है।

प्रश्न 4.
साम्प्रदायिकता या सम्प्रदायवाद किसे कहते हैं ? स्पष्ट कीजिए।
उत्तर:
साम्प्रदायिकता का अर्थ है-धार्मिक पहचान पर आधारित उग्रवाद जो कि अपने ही समूह को वैध अथवा श्रेष्ठ समझता है और अन्य समूहों को निम्न अथवा अवैध या विरोधी समझता है।

प्रश्न 5.
पंथनिरपेक्षता से क्या आशय है?
उत्तर:
पंथनिरपेक्षता के तहत राज्य अलग-अलग धर्मों के बीच भेदभाव नहीं करता है तथा सभी धर्मों का समान रूप से सम्मान करता है। यह किसी भी धर्म के पक्ष या विरोध में नहीं होती।

प्रश्न 6.
राज्य को परिभाषित कीजिए।
उत्तर:
मैक्स वेबर के अनुसार, "राज्य एक ऐसा निकाय होता है जो एक विशेष क्षेत्र में विधि-सम्मत एकाधिकारी सत्ता का सफलतापूर्वक दावा करता है।"

प्रश्न 7.
सामुदायिक पहचान की राजनैतिक. चुनौतियों का राज्यों ने किस प्रकार समाधान किया?
उत्तर:
अनेक राज्यों द्वारा सामुदायिक पहचान की राजनैतिक चुनौतियों को राजनीतिक स्तर पर दबाया अथवा नजरअंदाज किया।

प्रश्न 8.
क्षेत्रवाद क्या है?
उत्तर:
देश के अन्य लोगों से अपने को श्रेष्ठ समझते हैं तथा राष्ट्रीय हित की तुलना में क्षेत्र के हितों को अधिक महत्त्व देते हैं तो उसे क्षेत्रवाद कहते हैं।

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 9.
भारत सांस्कृतिक विविधता वाला देश क्यों कहलाता है?
उत्तर:
भारत में भाषा, धर्म, जाति, पंथ आदि के रूप में परिभाषित अनेक प्रकार के सामाजिक समूह और समुदाय पाये जाते हैं। इसलिए यह सांस्कृतिक विविधता वाला देश कहलाता है।

प्रश्न 10.
सामुदायिक पहचान की कोई दो विशेषताएँ बताइये।
उत्तर:

1. सामुदायिक पहचान जन्म अथवा अपनेपन की भावना पर आधारित होती है।
2. सामुदायिक पहचान सर्वव्यापी होती है।

प्रश्न 11.
राष्ट्र-राज्य के बीच दो सम्बन्ध बताइये।
उत्तर:

1. राष्ट्र-राज्य ऐसे समुदाय होते हैं, जिनका अपना एक राज्य होता है।
2. राष्ट्र और राज्य के बीच एकैक सम्बन्ध होता है।

प्रश्न 12.
आत्मसात्मकरण की नीतियाँ क्या हैं?
उत्तर:
आत्मसात्मकरण की नीतियों के तहत समूहों के बीच पाई जाने वाली सांस्कृतिक, नृजातीय, भाषायी तथा धार्मिक विभिन्नताओं को मिटाने की कोशिश की जाती है।

प्रश्न 13.
एकीकरण की नीतियाँ क्या हैं?
उत्तर:
एकीकरण की नीतियाँ केवल राष्ट्रीय पहचान को ही बनाए रखना चाहती हैं। इसमें सार्वजनिक तथा राजनीतिक कार्य-क्षेत्रों से विभिन्नताओं को दूर किया जाता है। लेकिन निजी क्षेत्र में इन्हें बनाये रखा जाता है।

प्रश्न 14.
भारत में मुस्लिम समुदाय की स्थिति क्या है?
उत्तर:
भारत की कुल आबादी में लगभग 13.4 प्रतिशत जनसंख्या मुसलमानों की है। इण्डोनेशिया और पाकिस्तान के बाद भारत विश्व का तीसरा बड़ा मुस्लिम देश है।

प्रश्न 15.
प्रत्येक मनुष्य को स्थायी पहचान की आवश्यकता क्यों होती है ?
उत्तर:
इस संसार में अपना अस्तित्व सक्रिय बनाये रखने के लिए प्रत्येक मनुष्य को एक स्थायी पहचान की जरूरत होती है।

प्रश्न 16.
समाजीकरण की प्रक्रिया से आपका क्या तात्पर्य है ?
उत्तर:
समाजीकरण की प्रक्रिया काफी विस्तृत एवं लम्बी होती है जिसमें कुछ विशेष लोगों के साथ लगातार संवाद, वार्तालाप और कभी-कभी संघर्ष भी होता रहता है, जैसे कि हमारे माता-पिता, परिवार, नातेदार समूह एवं हमारा समुदाय।

प्रश्न 17.
हमारा समुदाय हमें क्या प्रदान करता है ?
उत्तर:
हमारा समुदाय हमें भाषा और सांस्कृतिक मूल्य प्रदान करता है, जिनके माध्यम से हम विश्व को समझते हैं। यह हमारी स्वयं की पहचान को भी सहारा देता है।

प्रश्न 18.
भारतीय संविधान में संघीय व्यवस्था के दो लक्षण बताइये।
उत्तर:

1. संघ और राज्यों के बीच शक्तियों का विभाजन और
2. संविधान की सर्वोच्चता तथा कठोर संविधान।

प्रश्न 19.
भारत में उदारीकरण की नीति की दो विशेषताएँ बताइये।
उत्तर:

1. निजी पूंजी निवेश (भारतीय और विदेशी दोनों) को बढ़ावा।
2. विभिन्न आयात शुल्कों की समाप्ति।

प्रश्न 20.
अल्पसंख्यकों की कोई दो विशेषताएँ बताइये।
उत्तर:

1. अल्पसंख्यकों में अपने समूह के प्रति एकात्मकता तथा एकजुटता का भाव प्रबल होता है।
2. उनमें प्रायः अपने समूह के प्रति निष्ठा की भावना का विकास होता है।

प्रश्न 21.
डॉ. भीमराव अंबेडकर की कोई दो उपलब्धियाँ बताइये।
उत्तर:

1. भारत के संविधान के शिल्पी।
2. जाति-प्रथा और अस्पृश्यता के विरुद्ध संघर्ष।

प्रश्न 22.
प्रदत्त पहचान से आपका क्या आशय है ?
उत्तर:

https://www.evidyarthi.in/

किसी समुदाय में जन्म लेने के लिए हमें कुछ नहीं करना होता। अपितु किसी परिवार या समुदाय अथवा
देश में जन्म लेने पर हमारा कोई वश नहीं है। इस प्रकार की पहचानें प्रदत्त पहचान कहलाती हैं।

प्रश्न 23.
ऐसे तीन उदाहरण दीजिए जिनका राज्यक्षेत्र साथ-साथ जुड़ा है, उनकी एक
साझी भाषा और संस्कृति है फिर भी वे अलग-अलग राष्ट्र-राज्य हैं।
उत्तर:

1. आस्ट्रिया और जर्मनी
2. इक्वेडोर, कोलम्बिया, वेनेजुएला
3. यमन, सऊदी अरब, कुवैत, संयुक्त राज्य अमीरात।